दिनांक-09.01.2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वच्छता अभियान में भिलाई को नं. 01 बनाने में जुटा निगम प्रशासन

भिलाईनगर। स्वच्छ सर्वेक्षण में भिलाई निगम को अव्वल स्थान पर लाने व स्वच्छता में भिलाई की पहचान बनाने निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाइजर को निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्थलों, सड़क किनारे के स्थलों कि निरंतर सफाई कराने के निर्देश दिए है तथा जोन आयुक्तों को प्रतिदिन क्षेत्र भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने कहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए नागरिकों से फीडबैक लेने के साथ ही सोशल मीडिया में हैशटैग कर भिलाई को नं. वन पर लाने का प्रयास जारी है। जीवीपी पाइंट पर रंगोली बनाने से अब लोग इधर उधर कचरा फेंकने के बजाए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाले सफाई कर्मी को ही कचरा देने लगे है , वहीं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने निगम क्षेत्र में वाॅल पेंटिंग किया गया है। निगम प्रशासन आमजन को होम कंपोस्ट की जानकारी देकर कचरा मुक्त शहर बनाने प्रयासरत है। स्वच्छ सर्वेक्षण मापदंड के अनुसार शहर की सफाई व्यवस्था संपादित करने वार्ड वार नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जो प्रतिदिन सुबह से सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालय एंव साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे है।

जनसम्पर्क अधिकारी